THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF) : (a) A report in this regard had appeared in the press but no communication has been received from the Railway Convention Committee Secretariat.

(b) to (d) Do not arise.

द्वितीय श्रेणी में आर० ए० सी० की संपुष्टि न होना

2969. **श्री लखीराम अग्रवाल** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यात्रियों को द्वितीय श्रेणी (3 टियर) में आर० ए० सी० की संपुष्टि न होने की दशा में भी शायिका के पूर्ण शुल्क का भुगतान करना पड़ता है; और

(ख) क्या रेलवे आर० ए० सी० पर शायिका का पूर्ण शुल्क अग्रिम रूप से वसूल करने की परिपाटी को समाप्त करके यात्रा के दौरान शायिका उपलब्ध करवा दिए जाने पर ही शायिका शुल्क लेने का प्रावधान करेगा ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) आर० ए० सी० यात्रियों सहित शयनयान दर्जे में यात्रा करने वाले सभी यात्रियों को शयनयान दर्जे के किराए का भुगतान करना होता है । "शयनयान दर्जा" शुरू किए जाने से अलग से कोई शयनयान अधिभार नहीं लगाया जाता है ।

(ख) जी नहीं ।

कंडला बंदरगाह से भटिण्डा तक बड़ी रेल लाइन का बिछाया जाना

2970. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात के कंडला बंदरगाह से भटिण्डा (पंजाब) तक बड़ी रेल लाइन बिछाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस रेल परियोजना को आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान लागू करने के लिए तैयार है, उस पर कितनी लागत आएगी; किन-किन शहरों को इस रेल सेवा से जोड़ा जाएगा; क्या इस योजना को सातवीं पंचवर्षीय योजना में ही शामिल किया जा सकता था; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) और (ख) इस मार्ग के मीटर लाइन खंडों का आमान परिवर्तन करके भटिंडा से कांडला तक बड़ी लाइन के संपर्क की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है । भटिंडा से मेड़ता रोड तक पहले ही बड़ी लाइन है । मेड़ता रोड-जोधपुर-लूनी-मारवाड़-मेहसाणा का आमान परिवर्तन प्रगति पर है । मेहसाणा-वीरमगाम का आमान परिवर्तन एक अनुमोदित कार्य है और आगामी वर्षों में इसे शुरू किया जाएगा । वीरमगाम-कांडला पहले ही बड़ी लाइन है ।

(ग) और (घ) मौजूदा कीमतों के आधार पर इस कार्य की अनुमानित लागत 700.00 करोड़ रुपये होगी इससे जोड़े जाने वाले शहर भटिंडा, बीकानेर, जोधपुर, लूनी, मारवाड़ा और मेहसाणा होंगे । आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इस कार्य को पूरा कर लिए जाने की संभावना है ।

Expansion of Nizamuddin Railway Station

2971. 'SHRI CHATURANAN MISHRA :
SHRI GAYA SINGH :

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the long pending proposal to expand the Nizamuddin Railway Station is held up due to a dispute over the allotment of required land by D.D.A. ; and

(b) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. LENKA) : (a) and (b) The work of provision of coaching/terminal facilities including the second entry from Ring Road side and connection/extension of platform No. 1 of Hazrat Nizamuddin Station for dealing express trains Has been approved at a cost of Rs. 28 crores. An outlay of Rs. 3 crores has been provided during 1993-94. The technical committee of DDA have approved in principle in Oct. '92 the provision for an approach road to Nizamuddin Railway Station from Ring Road side. This will necessitate the transfer of 9.34 acres of land belonging to Land & Development Department of Ministry of Urban Development. The land is required for approach road, circulating area, construction of booking offices and parking of vehicles etc. The detailed plan has been submitted to DDA for approval. Ministry of Environment has also been approached to clear the proposal from environmental angle. The work on 2nd entry can be started only after the land is handed over to the Railways.

Theft in Tamil Nadu Express

2972. SHRI TINDIVANAM G. :
VENKATRAMAN :
SHRI J. S. RAJU :

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) what is the total number of theft in Tamil Nadu Express in 1991-92 ;

(b) how many charge sheets were filed in Court; how many culprits were convicted, how many acquitted ;

(c) what steps have been taken to nab these thieves and preventive steps to theft in the midst of the night travel ; and

(d) whether police escorts are posted at the coaches to prevent these incidents ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED) : (a) and (b) Information about train-wise number of thefts is not maintained by the Central Govt. Agencies.

(c) and (d) Registration, investigation, detection and prevention of crimes in Railways is the responsibility of the Government Railway Police (GRP) which function under the control of State Governments/Union Territory Administrations. It is for them to take appropriate steps for preventing of thefts in trains.

रेलवे स्टेशनों में ठेकेदारों द्वारा मजदूरों का शोषण

2973. **श्री सुब्रह्मण्यम् स्वामी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि विभिन्न रेलवे माल गोदामों में ठेकेदारों द्वारा दिहाड़ी पर लदाई/उतराई का कार्य करने वाले मजदूरों का शोषण किया जाता है;

(ख) क्या सरकार को इस संबंध में रेलवे पल्लेदारों/मजदूरों की यूनियन से कोई मांगपत्र प्राप्त हुआ है;

(ग) क्या ठेकेदारों द्वारा मजदूरों को कुछ बुनियादी सुविधाएं दिए जाने को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा कोई प्रयास किया गया है;

(घ) क्या इन अनियत मजदूरों की मदद करने के लिए कोई श्रमिक कानून बनाए गए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) और (ख) जी नहीं ।

(ग) से (ङ) रेलवे प्रशासनों और ठेकेदारों के बीच हुए ठेका करारों में यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाती है कि ठेकेदार संबंधित कानूनों यथा कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923 मजदूरी, संदाय अधिनियम 1936 नियोजन काल घंटे, ठेका श्रम (विनियमन और उत्सादन) अधिनियम, 1970 और औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 और समय-समय पर इनके अन्तर्गत बनाये गये अन्य अधिनियमों, सांविधिक नियमों के अंतर्गत अपेक्षित मूलभूत सुविधायें श्रमिकों को प्रदान करते हैं ।

Running of Rajdhani Express, Madras

2974. SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN :
J. S. RAJU :

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Government will consider to run Rajdhani Express, Madras twice a week ;

(b) whether Government are aware of the fact that the food supplied in Rajdhani Express is of very poor quality ;

(c) if so, what action has been taken to improve the standard of food served in Rajdhani Express ; and

(d) what arrangement the Government will take for transport of Rajdhani Express passengers since Taxis are not available at the time the train touches Delhi ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. LENKA) : (a) There is no such proposal at present.

(b) No such complaint has been received.

(c) Does not arise.

(d) Transport facilities such as pre-paid Taxi service, DTC buses and autorickshaws etc. are already available.

इण्डियन रेलवे कंस्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा रेल पथ संबंधी कार्य किया जाना

2975. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इण्डियन रेलवे कंस्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा किन-किन देशों में रेल पथ संबंधी कार्य किया जा रहा है ; और उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) इण्डियन रेलवे कंस्ट्रक्शन कम्पनी ने पिछले तीन वर्षों के दौरान किन-किन देशों में कार्य किया है और इसे उनसे कितनी-कितनी धनराशि किस-किस मुद्रा में प्राप्त हुई है; और

(ग) इण्डियन रेलवे कंस्ट्रक्शन कम्पनी की किन-किन देशों पर कितनी-कितनी धनराशि बकाया है और उसकी वसूली के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं ?